<u>समाचार</u>

# '' एक पेड़ मॉ के नाम ''

## अप्पू गार्डन मुख्य मार्ग में किया गया वृक्षारोपण



कोरबा 29 अगस्त 2026 – '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान अंतर्गत आज कोरबा के टी.पी. नगर जोनांतर्गत अप्पू गार्डन मुख्य मार्ग के किनारे वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद लक्ष्मण श्रीवास सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता देते हुये पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को गति दी।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 18 जुलाई से '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज कोरबा के टी.पी. नगर जोनांतर्गत अप्पू गार्डन मुख्य मार्ग के किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, संतोष यादव, मनमोहन, गोपी, कार्तिक राम, पूरन सहित अन्य नागरिकगणों ने पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण के संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।